फैक्स / तत्काल

संख्या–6609 / 9–1–2013–3बजट / 13

प्रेषक,

राजेश बहादुर
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
इलाहाबाद।

नगर विकास अनुभाग–1 लखनऊः दिनांक : 26 दिसम्बर, 2013

विषय : माघ मेला, इलाहाबाद, 2014 की व्यवस्था हेतु बजट की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–6294 / 9–1–2013–3बजट / 2013 दिनांक 18.12.2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से माघ मेला–2014 के आयोजन हेतु धनराशि ₹ 9,66,56,792 / – की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी।

2– **इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 18.12.2013 को एतदद्वारा निरस्त करते हुए** श्री राज्यपाल महोदय माघ मेला, इलाहाबाद, 2014 की व्यवस्था हेतु धनराशि ₹ 9,29,36,792 / – (₹ नौ करोड़ उन्तीस लाख छत्तीस हजार सात सौ बानबे मात्र) निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आवंटित करते हुए व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

1. उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय उन्हीं मदों में किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।
2. स्वीकृत धनराशि से अधिक का व्यय करके देनदारी नहीं सृजित की जायेगी। स्वीकृत धनराशि में से आवश्यकतानुसार सम्बन्धित कार्यदायी विभागों को धनराशि नियमानुसार आवंटित की जायेगी।
3. स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र शासन एवं महालेखाकार उ0प्र0 इलाहाबाद को समयान्तर्गत उपलब्ध कराया जायेगा।

3– उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013–14 के अनुदान संख्या–37 के लेखा शीर्षक–2053–जिला प्रशासन–094–अन्य स्थापनायें–03–माघ मेला अधिष्ठान–42–अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

4– उक्त आदेश वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप सं0–बी–1–640 / दस–2013–231 / 2013, दिनांक 28 मार्च, 2013 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किया जा रहा है।

5– इस सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत शासनादेश संख्या–6294 / 9–1–2013–3बजट / 2013 दिनांक 18.12.2013 को एतदद्वारा निरस्त किया जाता है।

भवदीय,

(राजेश बहादुर)
अनु सचिव।

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम उ0प्र0, इलाहाबाद
3. मेलाधिकारी, कुम्भ मेला, इलाहाबाद।
4. प्रभारी अधिकारी, माघ मेला, इलाहाबाद।
5. कोषाधिकारी, इलाहाबाद।
6. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–8/ वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1
7. सुपर वेब यूजर्स/कम्प्यूटर सेल, नगर विकास विभाग को एलाटमेंट /विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(राजेश बहादुर
अनु सचिव।

FG